




## OUR PUBLICATIONS



















448, Pocket-V, Mayur Vihar, Phase-I, Delhi-110091 (INDIA)
Ph.: 011-22753916

ISSN 0974-8504

वर्ष 16 अंक 3 जुलाई–सितम्बर 2023


Peer Reviewed & Refereed


# सैद्धान्तिकी


A Multi Subject Bilingual Journal


Impact Factor: 5.150


## OUR PUBLICATIONS




























448, Pocket-V, Mayur Vihar, Phase-I, Delhi-110091 (INDIA)
Ph.: 011-22753916


## OUR PUBLICATIONS
























448, Pocket-V, Mayur Vihar, Phase-I, Delhi-110091 (INDIA)
Ph.: 011-22753916

# सैद्धान्तिकी


संपादक

**डॉ॰ माला मिश्र**

प्रोफेसर, अदिति महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

**डॉ॰ एस. लिंगमूर्ति**

असिस्टेंट प्रोफेसर, कर्नाटक केन्द्रीय विश्वविद्यालय, कलबुर्गी



**अलका पब्लिकेशन्स**

**448, पॉकेट-5, मयूर विहार, फेज-I, दिल्ली-110091**

**वर्ष :** 16 **अंक :** 3 ❑ जुलाई–सितम्बर, 2023

# सैद्धान्तिकी

**संपादकीय सम्पर्कः**

448, पॉकेट–5, मयूर विहार, फेज–1,
दिल्ली–110091
फोन : 011–40564514, 011–22753916, 8510050610
e-mail : saidhantiki.journal@gmail.com

**शाखा कार्यालयः**

502, सरस्वती टॉवर, कुसुमपुरम, पटना–801503
फोन : 6201418851

# View Point

August 23, 2023, will be considered a historic day when Chandrayaan-3 of India's moon mission made a successful soft landing on the moon. It was the third lunar mission of the Indian Space Research Organisation (ISRO) and the world's first spacecraft to reach the Moon's South Pole. The mission was launched on 14 July 2023 and on 23 August 2023, the lander Vikram landed on the lunar surface. India's first moon mission Chandrayaan-1 was launched on October 22, 2008. The spacecraft carried scientific equipment from the United States, the United Kingdom, Germany, Sweden, and Bulgaria, apart from five Indian instruments. Its scientific goals included the study of the chemical, mineralogical and photo-geologic mapping of the Moon. This campaign has been instrumental in developing our understanding of the Moon.

Chandrayaan-2, launched on July 22, 2019, consisted of an Orbiter, Lander and a Rover. The Lander Vikram and the Rover Pragyan were supposed to land on the Moon's South Pole, but Vikram crashed about 600 meters from the landing site, The mission's orbiter is still working and collecting important data about the Moon. India's space programme has reached a significant milestone after Chandrayaan-3 landed on the Moon's South Pole. That is, it can be said that India's moon mission has been successful to a great extent so far. There are only a few countries in the world that have their independent space programme. Apart from India, the USA, Russia, China, the European Space Agency, Japan, Canada, South Korea, Israel etc. have their space programs. But if seen, India is the fourth country in the world to land its spacecraft on the surface of the Moon, but India is the first country to land a vehicle on the South Pole of the Moon.

It is believed that due to the rough surface of the Moon and low gravitational force, it is very difficult to land a spacecraft on the Moon, and it's still more difficult to land a spacecraft on the South Pole of the moon. Indian scientists have intelligently and cleverly landed the lander Vikram on the moon, for which Indian scientists deserve special appreciation. The USA is considered the economic, strategic and technological superpower of the world, so naturally the Moon mission was first started by the USA. India sent its spacecraft Aryabhatta into orbit of space in the year 1975. In this 358 kg spacecraft, scientific instruments were sent to study the Earth's atmosphere and radiation belts. The process of sending INSAT spacecraft started in 1982 and at present India has 17 INSAT spacecraft in space orbit. In addition to the three Moon missions, in 2013, India launched its Mangalyaan for Mars, which reached Mars orbit in September 2014 and is still studying Mars. India is about to start its first human space flight program soon.

It can be believed that after the USA, Russia and China, India has now become a major player in the world's space programme. India's space programs are generally admired around the world, but despite this, some people in India and abroad criticize the space program saying that India is a poor country and cannot afford the 'luxuries' of such programmes. They say that instead of spending on space programs, we should rather provide facilities for the poor in the country. Some people also say that instead of spending on space programs, it would be better if more is spent on the security of our country.

After the success of Chandrayaan-3, there is going to be a significant change in the attitude of the world towards India. Prime Minister Narendra Modi has said that the success of India's Chandrayaan-3 at the very beginning of 'Amrit Kaal' is the first step towards making

India a developed nation in this Amrit Kaal. It is worth mentioning that in the world GDP ranking, India has moved ahead from 10th position in the year 2014 to 5th position in the year 2023 and by 2025, it can reach the fourth position and by the year 2028, it can reach the third position. Based on purchasing power parity, India has already reached the third position with a GDP of over $12 billion.

Space missions have been run at huge costs in the world, but the budget of India's space programs is an example of the world. Look at the moon mission, the budget of Chandrayaan-3 is only 615 crore rupees ($75 million US). The speciality of India's space program is that ISRO partners with the world using the country's technology. The economy with which India's space program operates has taken the world by surprise. Elon Musk, a top billionaire, running one of the world's largest space programs, has praised India's space programme, saying Hollywood's science movie, Interstellar cost USD 165 million, compared to which India's Chandrayaan-3 mission costs only $75 million US. Significantly, the first phase of the Moon mission of the USA, known as the Apollo program which ran between 1961 and 1972, cost 25.8 billion US dollars (as per value of dollar in the year 1973), which was equivalent to 164 billion dollars in 2021. Each of America's Apollo missions cost 300 to $450 million (as per the value of the dollar in 1973). The interesting thing is that we have landed Chandrayaan on the Moon at a cost less than what it would cost to build a 20-kilometer highway of four lanes in India.

As far as India's capability is concerned, India has been successful in launching spacecraft (satellites) not only of its own but of many other countries including the world's superpowers. ISRO has launched satellites in more than 20 countries in recent years, including the United States of America, France, Canada, Italy, Singapore and England. These satellites are launched for various purposes including communication, earth observation, remote sensing and scientific research.

In 1993, India launched the Polar Satellite Launch Vehicle (PSLV) for the first time. Though it was launched to place India's remote sensing satellites in sun-synchronous orbit, it has launched 58 flights to date, of which 55 were completely successful, one partially successful and two unsuccessful. The cost of each launch varies between Rs 130 crore and Rs 200 crore depending on its carrying capacity.

But by launching the satellite of our country and other countries, the revenue made by ISRO is much more than that. Notably, PSLV's 37th flight had created a history by putting 104 satellites in space simultaneously.

Interestingly $30,000 US to $40,000 US is charged per kilogram of load made by ISRO to launch a satellite, which is much less than the charge made by the American agency 'NASA'. It is believed that the entry of Indian private companies into the space market will further increase competition and reduce costs further. ISRO has already started making efforts in this regard.

It can be believed that shortly, India will be able to register its presence in the world's space market due to its efficiency, accuracy and low cost. This will be the first step towards India becoming the superpower of the world.

*—Editor*

# Contents


मुजफ्फरपुर, जमशेदपुर व संथाल परगना में असहयोग आंदोलन–विवेक कुमार 'अमर' 7

उत्तर प्रदेश शासन एवं विभिन्न मतावलंबियो द्वारा संचालित माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की विद्यालयी व्यवस्था के प्रति अभिवृत्ति का अध्ययन–प्रो० सुषमा पाण्डेय–मनोज कुमार गुप्ता 9

महाकवि माघ प्रणीत 'शिशुपालवधम्' में नारियों की दशा का अध्ययन–विवेक कुमार राठौर; डॉ० वेद प्रकाश मिश्र 16

ग्रामीण विकास में सहकारिता आंदोलन की उपयोगिता–विनय कुमार चौहान 21

1937 का आम चुनाव और भारतीय किसान–डॉ० बमबम यादव 25

महात्मा गाँधी का ग्राम स्वराज–डॉ० हिमांशु यादव 32

जोधपुर शासक जसवन्त सिंह का मुगल शहजादों के साथ संबंधों का ऐतिहासिक अध्ययन–डॉ० भगवान सिंह शेखावत 36

मौर्यकाल में प्रशासिनक एवं सामाजिक शासन व्यवस्था–मानशी 40

''संकल्पधर्मा कवि: मुक्तिबोध''–डॉ० अखिलेश कुमार वर्मा 47

कन्या भ्रुण हत्या: कारण एवं समाधान हरियाणा के संदर्भ में–निधि; डॉ० बबीता 53

डॉ0 भीमराव अम्बेदकर की नारी सशक्तीकरण एवं लैंगिक समानता की अवधारणा–सुनीता महतो 59

ग्रामीण जीवन पर आधुनिकीकरण का प्रभाव–नीतीश गिरि रंजन 63

भारत में जाति और राजनीति के मध्य संबंध–डॉ० सुरेन्द्र सिंह 69

ब्रिटिश भारत में पूर्वी उत्तर प्रदेश की भू-राजस्व नीति–डॉ० संजय कुमार मिश्र 73

किसान मसीहा एवं प्रधानमंत्री: चौधरी चरण सिंह का बहुआयामी अध्ययन–संदीप शाही 78

अलवर जिले की जनांकिकी- एक शोधपरक अध्ययन–हिमांशी शर्मा; डॉ० नरेन्द्र सिंह यादव 82

भारतीय राजनीति में महात्मा गाँधी का प्रवेश:- चम्पारण सत्याग्रह!–डॉ० अभिमन्यु कुमार 85

भारत में एचआईवी/एड्स पॉजिटिव व्यक्तियों के बीच पोषण संबंधी ज्ञान, दृष्टिकोण और व्यवहार का समाजशास्त्रीय अध्ययन–चंद्रेश कुमार 89

छत्तीसगढ़ के उराँव जनजाति में प्रचलित प्रमुख लोकगीत का अध्ययन–डॉ० अलका यतीन्द्र यादव 97

प्रधानमंत्री "मन की बात" कार्यक्रम एक जीवनपर्यन्त शिक्षा: विश्लेषणात्मक अध्ययन–डॉ० कुमार आशुतोष; आलोक कुमार; वरिष्ठ प्रो. राजेश 106

शेखावाटी क्षेत्र के लोकगीतों में प्रकृति के विविध रूप–डॉ० दीनदयाल शर्मा 112

भारत में लोकतंत्र के बदलते सामाजिक व आर्थिक आयाम–सरोज रानी 115

आधुनिक भारत में पुलिस सुधार–ध्रुव चन्द्र 120

"औपनिवेशिक भारत में स्थानीय व देशी चिकित्सा ज्ञान एवं चिकित्सीय पेशेवरों द्वारा 'स्व' के लिए प्रतिरोध"
—डॉ० अनुराधा जैसवाल; संगीता कुमारी 127

"आधुनिक बिहार में कृषि आधारित उद्योगों का विकास: चीनी-उद्योग के विशेष संदर्भ में"
—प्रो० योगेंद्र कुमार; कुमार देवेश 133

भाषा और लिपि का विकास—डॉ० मोतीलाल शाकार 138

ब्रिटिश भारत में कृषक आन्दोलन: एक विश्लेषण—प्रो० (डॉ०) अरविन्द कुमार सिंह 142

श्रीलाल शुक्ल के उपन्यास 'रागदरबारी' में चित्रित व्यंग्यात्मक यथार्थ—डॉ० अलका चतुर्वेदी 145

गाँधी जी के मूल्यों की वर्तमान शिक्षा में प्रासंगिकता का अध्ययन—नुतन रानी 149

'गबन' पर आधुनिक विमर्श: संदर्भ भूमंडलीकरण—डॉ० तानाबाई पाटिल 155

मृतिकागढ़ में सरहरगढ़ (जाँजगीर जिला) का ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्व—डॉ० चौलेश्वर चन्द्राकर 157

वैदिक काल में कृषि विज्ञान—चन्द्रमणि भारती 160

संस्कृत महाकाव्यों में भौतिक पर्यावरण—अजीत कुमार 163

अटल टिंकरिंग लैब (ATL's) को संचालित करने मे अनुभूत समस्याओं का अध्ययन
—डॉ० हिम्मत सिंह चुण्डावत; ममता प्रजापत 167

महात्मा गाँधी के सामाजिक विचार: एक अवलोकन—नीति वर्मा; प्रो० (डॉ०) रामजी सिंह 174

भारत में महिला मुक्केबाजी:एक विश्लेषणात्मक अध्ययन—पंकज प्रवीण 182

भारत में प्रशासनिक सुधार और समाज: एक विमर्श—डॉ० रामकिशोर उपाध्याय 187

पंडो जनजाति का समाजशास्त्रीय अध्ययन—डॉ० प्रतिभा सिंह; प्रतिभा कश्यप 192

# पंडो जनजाति का समाजशास्त्रीय अध्ययन

**डॉ० प्रतिभा सिंह**

**विभाग प्रमुख, समाजशास्त्र, राजीव गाँधी शासकीय पी0जी0 कालेज, अंबिकापुर, छत्तीसगढ़**

**प्रतिभा कश्यप**

**सहायक प्राध्यापक, समाजशास्त्र विभाग, शासकीय रेवती रमण मिश्र पी0जी0 कालेज, सूरजपुर, छत्तीसगढ़**

**प्रस्तावना–**

भारत में लगभग 500 जनजाति समूह और उनके उप-समूह निवास करते हैं, जो मुख्यत: दुर्गम पहाड़ी और जंगलों में पाए जाते हैं। ये जनजातियाँ बाहरी जातियों के सांस्कृतिक प्रभावों के बावजूद अपनी सांस्कृतिक विशेषताओं को संरक्षित रखने में सफल रही हैं। इन्हें आमतौर पर जनजाति और आदिवासी के रूप में जाना जाता है। इन समूहों की दूरदर्शिता के कारण वे सभ्य समाज से दूर रहते हैं और कई मामलों में पिछड़ जाते हैं, जिससे समाज द्वारा लंबे समय तक इनकी अवहेलना की जाती रही है।

जनजाति शब्द की उत्पत्ति और अर्थ पर विभिन्न विचारधाराएं हैं। अंग्रेजी शब्द "ट्राइब्स" की व्युत्पत्ति त्रिभुज से मानी जाती है और रोम वासियों के लिए यह एक राजनीतिक संस्थान था। जबकि भारत में जनजाति का अर्थ भिन्न था, यह माना जाता है कि देश का नाम शक्तिशाली जनजाति से लिया गया। मानवशास्त्र में, जनजाति को एक निश्चित भूभाग में रहने वाले समूह के रूप में परिभाषित किया गया है, जिनकी अपनी भाषा, सभ्यता, और सामाजिक संगठन है, जिसमें कई उपसमुदाय और एक मुखिया होता है। ब्रिटिश मानवशास्त्रियों के अनुसार, जनजाति एक स्वतंत्र राजनीतिक और सामाजिक संगठन है।[1]

भारत में जनजातियों का अध्ययन समाजवैज्ञानिकों का एक प्रमुख केंद्र रहा है, विशेषकर उपनिवेश काल में, जब कई अंग्रेज समाजवैज्ञानिकों और प्रशासकों ने उनकी जीवन शैली का गहन अध्ययन किया। एच.एच. रिजले और अन्य ने इन्हें आदिवासी कहा, जबकि उट्टन ने इन्हें प्राचीन जनजातियों के रूप में वर्गीकृत किया। कोवर के अनुसार, आदिम जातियाँ साझा संस्कृति वाली होती हैं। विद्यार्थी ने बताया कि अनुसूचित जनजातियाँ समाजों से अलग स्वायत्त होती हैं, जिनके पास भूमि और प्राकृतिक संसाधनों पर कानूनी अधिकार होते हैं। अदिवासियों की विशेष जीवन पद्धति और सामाजिक नियम होते हैं, तथा सामाजिक समस्याओं के समाधान के लिए पंचायत व्यवस्था का उपयोग होता है। घुरिये ने इन्हें 'सो कर्ड एबोरिजिनल्स' और 'बैकवर्ड हिन्दू' कहा, और अनुसूचित जनजाति के रूप में संबोधित करने का सुझाव दिया।[2]

**परिभाषा**

गिलिन और गिलिन (1950) के अनुसार, जनजाति एक ऐसा समुदाय है जो एक सामान्य क्षेत्र में निवास करता है और जिसकी एक आम संस्कृति होती है। गुजरात विद्यापीठ (1988) ने किसी भी देश के मूल निवासियों को आदिवासी कहा है।

मजूमदार (1958)[3] के अनुसार जनजाति परिवारों का एक समूह होती है जिसके सदस्य एक ही भाषा का प्रयोग करते हैं एक ही क्षेत्र में निवास करते हैं। विवाह तथा पेशा से संबंधी समान निशेधों का पालन करते है तथा उनके बीच सुविकसित पारस्पारिक विनिमय तथा आपसी लेन-देन की व्यवस्था पाई जाति है। बोआम (1928) के अनुसार जनजाति का अर्थ आर्थिक दृष्टि से ऐसा स्वतंत्र जन समूह जो एक भाषा बोलता है और बाह्य आक्रमण से सुरक्षा के लिए संगठित होता है। मर्डोक (1961)[4]" ने जनजाति को इस प्रकार परिभाषित किया है यह एक समाजिक समूह है। जिसकी एक अपना अलग भाषा होती है तथा भिन्न संस्कृति एवं एक स्वतंत्र राजनैतिक संगठन होता है।

सिन्हा (1980)[5] ने जनजाति की परिभाषा न देते हुए लिखते हैं कि ब्रिटिश अधिकारियों और बुद्धिजीवियों ने पाया कि कुछ समूह ब्राम्हणीय वर्ण–जाति के स्तरीकरण में नहीं आते। ये समूह पहाड़ों और जंगलों में रहते हैं, और अगर मैदानी क्षेत्रों में हैं तो वन के निकट होते हैं, जहाँ इनका ग्राम्य समुदाय से कोई संपर्क नहीं होता। इनमें कोई सामाजिक स्तरीकरण नहीं है और ये अंतर्विवाही होते हैं। ये कृषि करते हैं, शिकार पर निर्भर करते हैं, और वन्य सम्पदाओं का संकलन करते हैं। अशिक्षित समूहों को, जो ब्राम्हणीय सभ्यता से बाहर हैं, आदिम जातियों के रूप में देखा गया है, जैसे कि उत्तरी अमेरिका, अफ्रीका और ओशिनिया में पाई जाने वाली जनजातियाँ।

बोस[6] ने जनजाति की परिभाषा के विषय में लिखा, जनजाति को वर्गीकृत करने के लिये कई आधार हो सकते है जैसे भाषा, धर्म व सामाजिक दूरी इत्यादि। सामाजिक दूरी के कारण ही वे समूह अपनी सांस्कृतिक परम्पराओं से जुड़े रहे।

दुबे (1997)[7] ने निम्नलिखित लक्षणों को जनजाति का आधार माना है:–

1. वे क्षेत्र के पुराने निवासी होते हैं, भले ही मूल निवासी न हों।
2. जनजातीय समाज पहाड़ों और जंगलों में अन्य समाजों से दूर रहते हैं, अक्सर एकांत में।
3. इनमें लिखित इतिहास नहीं होता; उनकी स्मृतियाँ ही उनका इतिहास होती हैं।
4. उनका आर्थिक और तकनीकी विकास सीमित होता है।
5. सांस्कृतिक मूल्य, रीति–रिवाज, भाषा, और विश्वास अन्य समाजों से भिन्न होते हैं, और उनमें सामाजिक स्तर की समानता होने पर भी भेदभाव नहीं पाया जाता।

देसाई (1961)[8]" ने इनकी प्रमुख विशेषतायें इस प्रकार बताया हैं

भारत की जनजातियां अक्सर दुर्गम क्षेत्रों में निवास करती हैं और उनकी एक विशेष जनजातीय भाषा होती है। ये प्रायः नीग्रोटो, अस्ट्रेलायड या मंगोलायड प्रजाति समूहों से संबंधित होती हैं। इनके पास अपने नाम, सामाजिक व्यवहार के नियम और प्रतिबंध होते हैं, और उनका आदिम धर्म जीवों की पूजा पर आधारित होता है। ये अपनी संस्कृति और सुरक्षात्मक संगठनों के साथ मंदिरों और नृत्य में रुचि रखते हैं। इनके पास स्वतंत्र संगठन होते हैं और ये जनजातीय व्यवसाय, जैसे शिकार और प्राकृतिक वस्तुओं का संग्रहण, अपनाते हैं।

छत्तीसगढ़ की जनजातियाँ अपनी अनूठी संस्कृति, भाषा, सामाजिक संरचना और रीति–रिवाजों के लिए प्रसिद्ध हैं, जो राज्य की सांस्कृतिक विविधता को बढ़ाती हैं। जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा जनजातीय समुदायों का है। डी. एन. मजूमदार (2020) के अध्ययन में प्रमुख जनजातियों, उनकी सांस्कृतिक धरोहर, जीवन शैली, और विकास के प्रयासों पर प्रकाश डाला गया है। छत्तीसगढ़, भारत के मध्य में स्थित एक उदीयमान राज्य है, जो 1 नवम्बर 2000 को मध्यप्रदेश से अलग होकर बना।

ध्रुव, तोषणी (2018) के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण के समय 16 जिले थे, जो अब मुख्यमंत्री की घोषणा के पश्चात 33 हो गए हैं। 2011 की जनगणना के अनुसार, राज्य की कुल जनसंख्या 2,55,45,198 है, जिसमें 42 अनुसूचित जनजातियाँ निवास करती हैं। निशा कुमारी (2016) ने बताया कि अनुसूचित जनजातियों की जनसंख्या 78,22,902 है, जिसमें पुरुष 38,73,191 और महिलाएँ 39,49,711 हैं। इन जनजातियों का राज्य की कुल जनसंख्या का 30.60 प्रतिशत और देश की कुल जनसंख्या का 6.2 प्रतिशत हिस्सा है। लिंगानुपात 1020 है और साक्षरता दर 50.11 प्रतिशत है।

## जनसांख्यिकी:

छत्तीसगढ़ के सरगुजा संभाग में स्थित पंडो जनजाति एक प्रमुख आदिवासी समुदाय है, जो अंबिकापुर, लखनपुर, उदयपुर, सूरजपुर, और रामानुजनगर क्षेत्रों में निवास करती है। पंडो जनसंख्या लगभग 31,814 है, जिसमें पुरुष 16,522 और महिलाएं 15,292 शामिल हैं। शिक्षा के मामले में, इस समुदाय की साक्षरता दर 22.20ः है।

पंडो जनजाति महाभारत के पाण्डवों को अपना पूर्वज मानती है और मानती है कि उनकी उत्पत्ति पाण्डवों से हुई है। किंवदंती के अनुसार, पाण्डव वनवास के दौरान कृषि करने लगे और खेतों में पक्षियों से बचाने के लिए काग–भगौड़ा (पुतला) बनाकर खड़ा किया। माता पार्वती ने पुतले को जीवित करने की इच्छा जताई, जिसके बाद भगवान शिव ने उसे जीवित किया और वह "कोरवो" नाम से जाना गया। इसके बाद, कोरवा और पाण्डव (भीम) के बीच संघर्ष हुआ, जिसे भगवान शिव ने सुलझाया, और दोनों को वन में रहने के लिए कहा। पाण्डवों की संतानें बाद में अपभ्रंश वंश पण्डो कहलाने लगी।

**पंडो जनजाति मुख्यत:** पहाड़ियों व वनों में निवास करती है। ये ग्राम में समूहों में रहते है। ग्राम संरचना में इनके वृहद बसाहट को पण्डो पारा आदि नाम से जाना जाता है। इनके घरो से लगा हुआ बाड़ी या खेत होता है। इनके आवास मुख्यत: एक या दो कमरों के होते है। इनके मुख्य कमरे में दो दरवाजे होते है। जो कि इनकी विशेषता है। घर की महिलायें मासिक धर्म या गर्भवास्था के दौरान इन दरवाजों का उपयोग करती है। इस समय महिलाओं को अशुद्ध माना जाता है एवं लोगों से दूर रहने की प्रथा प्रचलित है। उक्त कारण से कमरे में प्रवेश या निकासी के लिये इन्हें दूसरे दरवाजे का उपयोग करना होता है। इनके मकान प्रमुख रूप से मिट्ट निर्मित एवं छत खपरैल की होती है। घरों को गोबर से लिपाई की जाती है।

पंडो जनजाति में श्रृंगार, वस्त्रविन्यास, कृषि उपकरण, घरेलु उपकरण, शिकार उपकरण, दैनिक जीवन की उपयोगी वस्तुएं उनकी आवश्यकता अनुरूप उपलब्ध होती है। परम्परागत रूप से पुरूष समान्यत: कमर के नीचे लंगोटी या धोती एवं स्त्रियां लुगरा पहनती थी। स्त्रियों का लुगरा स्थानीय क्षेत्र में निवासरत पनिका समुदाय द्वारा निर्मित होता है। श्रृंगार के रूप में स्त्रियां पारम्परिक रूप से चांदी या गिलट के आभूषण जैसे गले में बटम या हसली, नाक में बिछिया, कान में तरकी, कमर में कमर बंध, हाथ में पहुंची, बाह में नागमोर आदि पहनती हैं। स्थानीय हाट–बाजार से क्रय कर धारण करती है। बाल सवारने के लिये घोड़बहरा नामक घास के मोटे भाग को दो भागों में फाड़कर कंघी बनते थे। इनमें पूर्व में रसोई घरों में मिट्टी एवं लोहे के बर्तनों का उपयोग होता था। वर्तमान में मिट्टी के बर्तनों के साथ धातु के बर्तनों का उपयोग दैनिक जीवन में पानी लाने, खाना पकाने, पानी रखने, खाने खाने आदि में किया जाने लगा है। इनमें भी विभिन्न तिलहनों जैसे टोरी, सीसल, तिल, सरसो आदि के बीजों से तेल परम्परागत रूप से लकड़ी के दो पाटो की सहायता से तेल निकालने का कार्य किया जाता था।

कृषि उपकरणों में नांगर, झउहां, टोकनी, कुदाली आदि का उपयोग किया जाता है। शिकार हेतु तीर–धनुष एवं बांस से निर्मित विशेष प्रकार का गुलेल उपयोग करते है। वहीं मछली पकड़ने के लिये चोरिया व सिरसिली का उपयोग करते हैं। पण्डो जनजाति में प्रसव ग्राम की ही बुजुर्ग / अनुभवी महिला के द्वारा कराया जाता है। इन्हें "सुईन' कहते है। शिशु की नाल घसिया जाति की महिला के द्वारा काटा जाता है। इन्हें मुईन" कहते है। प्रसव के चार–पांच दिन बाद जड़ी बूटियों से निर्मित पौष्टिक आहार या पेय दिया जाता है जिसमें मूल रूप से गुड़, सोठ व तिल होता है। शिशु की नाल झड़ने के पश्चात छुट्टी उत्सव मनाया जाता है। इसी दिन शिशु का नामकरण भी किया जाता है। शिशु का अन्नप्राशन संस्कार पांच माह के बाद किया जाता है।

पण्डो जनजाति के विवाह संस्कार मुख्य रूप से 3 से 5 दिन का होता है। इनमें लड़के–लड़कियों के विवाह शारीरिक रूप से परिपक्व होने पर किया जाता है। विवाह हेतु पहल लड़के पक्ष के द्वारा की जाती है। लड़की खोजने की प्रक्रिया को "सगा खोजना' कहते है। इनमें वधु मूल्य के रूप में 21 रूपये दिये जाते है। जिसे "सुकदान" कहते है। लड़के वाले 5 से 10 लोगों को लेकर लड़की के घर मंगनी करने के लिये जाते है तथा साथ में गुड़, चिवड़ा, माईरोटी, मदिरा तथा वधु का वस्त्र एवं श्रृंगार लेकर जाते है। इसे राज पचेड़ी कहते है। विवाह का कार्य बैगा के द्वारा कराया जाता है। इनमें मुख्य रूप से "बरौखी" विवाह होता है। साथ ही ढुकू विवाह एवं पैठू विवाह को भी समाज द्वारा सामाजिक बैठक कर मान्यता प्रदान कर दी जाती है।।

इनमें किसी सदस्य की मृत्यु होने पर दाह संस्कार किया जाता है। इनमें मृत्यु संस्कार अन्तर्गत पुरुष के लिये। 10 दिन व महिला के लिये 09 दिन पश्चात मृत्यु भोज कराया जाता है।

पंडो जनजाति में ग्राम देवी– देवता के रूप में महामाई, कुदरगढ़ी माई, दिहरी माई, काली माई आदि प्रमुख है। ये जादू टोना भूत प्रेत में भी विश्वास रखते है। इनमें पूजा–पाठ करने वाले व्यक्ति को बैगा कहा जाता है।

पंडो जनजाति में परम्परागत जाति पंचायत की अपनी व्यवस्था होती है। ग्राम स्तर पर जाति पंचायत के प्रमुख को मुखिया कहते हैं। ग्राम के पण्डो बुजुर्ग / अनुभवी व्यक्ति को जाति पंचायत का प्रमुख माना जाता है। जाति पंचायत की सदस्यता केवल पुरूषों को ही दी जाती है। स्त्रियों से संबंधित मामलों में उनकी समस्या एवं पक्ष भी विस्तार से सुना जाता है। इस पंचायत में विवाह संबंध विच्छेद, आपसी लड़ाई–झगड़े संपत्ति के बटवारे, अंर्तजातीय विवाह गौ–हत्या, चोरी आदि जैसे मामलों का निपटारा किया जाता है। दोष सिद्ध हो जाने पर दोषी को जुर्माने के रूप में अर्थदण्ड या भोज या सामाजिक बहिष्कार जैसे दण्डों का प्रावधान है।

**पाण्डो जनजाति को विशेष पिछड़ी जनजाति में रखने का मापदण्डः-**

पाण्डों जनजाति सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक एवं निवास क्षेत्र की दृष्टि से अत्यन्त पिछड़ी हुई आजीविका कर रही है जिसके फलस्वरूप छत्तीसगढ सरकार ने केन्द्र सरकार के माप दण्डों को आधार मानकर इन्हें राज्य की विशेष पिछडी जनजाति में शामिल किया है-

1. कृषि में पूर्व प्रौधोगिकी का चलन (झूमखेती).
2. साक्षरता का निम्न स्तर,
3. अत्यंत पिछड़े व दूर दराज के क्षेत्रों में निवास करना, तथा
4. स्थिर या घटती हुई जनसंख्या का दर होना।

पाण्डों जनजाति को वर्ष 2002- 2003 में विशेष पिछड़ी जनजाति के समतुल्य मानते हुए इनके लिए पृथक पाण्डों विकास अभिकरण सूरजपुर में गठित किया गया। विकास अभिकरणों के माध्यमों से इन जनजातीयों हेतु समान्य जनजातीयों को मिलने वाली सुविधाओं के साथ-साथ अतिरिक्त सुविधायें जैसे अधोसंरचना मूलक समुदाय मुलक तथा परिवार मूलक कार्य सम्पादित किये जा रहें है। यह जनजाति मुख्यतः छत्तीसगढ राज्य के सूरजपुर सरगुजा, बलरामपुर, कोरिया, रायगढ एवं बिलासपुर जिला में निवास करती है किन्तु इस जनजाति की सर्वाधिक बसावट सूरजपुर जिले में है।

## संदर्भ


1. Pati, R.N. and J. Dash; Tribal and indigenous people of India, problems and prospects APH new Delhi, 2002.
2. Sarkar, Amitaba and Samitra, Dasgupta; Ethno-economy of India Tribes, Rawat, Udaipur, 2000.
3. Majumdar, D.N., Fortunes of the Primitive Tribe, Lucknow The Universal Publishers Ltd, 1958.
4. Murdock, G.P; "Our Primitive Contemprories" New York, 1961.
5. Sinha, Surjeet (1980): "Tribes and India Civilization: A perspective" Man in India, 60: 1-2.
6. Bose N.K six eassy in comparative sociology conflicting in andre bite (ed.) p.14.
7. Dube, S.C. (1977): Tribal heritage of India. vikas publishing house, pp.13.
8. Desai, A.R. (1961): Rural India in transition, pp. 51-52.